लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

पौष शुक्ल पक्ष एकादशी 8.23 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 78, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, गुरुवार, 2 फरवरी 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 09 BOTTOM

यातायात के नियम मानें... ये आपके ही बचाव के लिए

- मिशन शक्ति, साइबर सिक्योरिटी और सड़क सुरक्षा के जागरूकता संगोष्ठी में बोले आईजी
- एसएसपी ने कहा- जागरूकता और सतर्कता से ही साइबर क्राइम से बच पाना संभव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को श्रीराममूर्ति कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वृहद जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा के साथ ही मिशन शक्ति और साइबर सिक्योरिटी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा के जागरूकता रैली को झंडी दिखा कर आईजी डा. राकेश सिंह, डीआईजी-एसएसपी अखिलेश चौरसिया और आदित्य मूर्ति ने रवाना किया।

आईजी ने कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

आईजी बरेली रेंज डा. राकेश सिंह ने विद्यार्थियों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि खुद के बचाव लिए यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। डीआईजी-एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने साइबर क्राइम को आज की सबसे बड़ी चुनौती बताया और जागरूकता और सतर्कता से ही साइबर क्राइम से बचने की अपील की। संगोष्ठी में महिला हेल्प डेस्क पर काम करने वाली जिले की 29 महिला आरक्षियों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही मिशन शक्ति, साइबर सिक्योरिटी और सड़क सुरक्षा पर रंगोली बनाने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।